मंगलवार
26 सितम्बर 2023



पृष्ठ 4
**कर्ली बालों की सुंदरता बनाए रखते हैं ये हेयर ऑयल, जानें इसे कैसे लगाएं**



पृष्ठ 5
**अक्षय की फिल्म मिशन रानीगंज में दिखेगा वीएफएक्स कमाल का**



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 228
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

धैर्यवान मनुष्य आत्मविश्वास की नौका पर सवार होकर आपत्ति की नदियों को सफलतापूर्वक पार कर जाते हैं।
– भर्तृहरि

# दूनवैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# सभी जिलाधिकारी अपने यहां डेंगू कंट्रोल रुम स्थापित करें: राधा रतूड़ी

## ❑राज्य में सड़कों के पैचवर्क के लिए इस वर्ष 450 करोड़ रुपये जारी

संवाददाता

देहरादून। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूडी ने जिलाधिकारियों को जिलों में डेंगू कंट्रोल रूम स्थापित करने के साथ ही जन जागरूकता व स्वच्छता अभियान पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं।



आज यहां अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि राज्य में सड़कों के पैचवर्क (गडढा मुक्त) के लिए इस वर्ष 450 करोड़ रूपये जारी कर दिए गए हैं। गढ़वाल मण्डल के जिलाधिकारियों को भी एसीएस ने सड़कों को गडढा मुक्त करने के लिए एक अक्टूबर से 30 नवम्बर तक दो महीने का गहन अभियान चलाने की डेडलाइन दी हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों में क्रैश बैरियर लगाए जाने को लेकर शासन स्तर पर कार्यवाही पूरी हो चुकी है। सड़क सुरक्षा के लिए इस वर्ष 300 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। एसीएस ने जिलाधिकारियों को इस सम्बन्ध में जल्द से जल्द प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को एम्स ऋषिकेश में पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाले मरीजों की सहायता व सुविधा के लिए हेल्प डेस्क तथा जरूरतमंदों के आयुष्मान कार्ड बनाने में सहायता के लिए एम्स में भी विशेष हेल्प डेस्क बनाने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में समीक्षा बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने गढ़वाल मण्डल के जनपदों में चिकित्सा, पेयजल, शिक्षा, सड़कों व अन्य मूलभूत जन सुविधाओं को बेहतर बनाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। डेंगू के प्रकरणों का संज्ञान लेते हुए एसीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को जिलों में डेंगू कण्ट्रोल रूम स्थापित करने के साथ ही जन जागरूकता व स्वच्छता अभियान पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने सभी जिलाधिकारियों एवं सीएमओ को अस्पतालों की व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिलाधिकारियों को पीएमजीएसवाई योजना की नियमित समीक्षा के साथ ही इसमें जिला प्रशासन की सक्रिय भागीदारी की हिदायत दी है। एसीएस ने गढ़वाल मण्डल के जिलों विशेषकर चारधाम यात्रा मार्ग पर वेस्ट मैनेजमेण्ट में बेस्ट प्रैक्टिसेज को अपनाने के साथ ही इस पर त्वरित कार्यवाही के कड़े निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही एसीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को सख्त हिदायत दी है यदि पर्वतीय क्षेत्रों में किसी भी स्थान पर टैम्परेरी ट्रॉली के उपयोग का

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# बस चोरी का खुलासा, एक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

देहरादून। बस चोरी मामले का मात्र कुछ घंटो में ही खुलासा करते हुए पुलिस ने चोरी की गयी बस सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अपने परिचित के पासं चुरायी गयी बस छिपाने की फिराक में था।

जानकारी के अनुसार बीते रोज सुबह पांच बजे रविन्द्र सिह मान निवासी 38 मान निवास श्री रामनगर कालोनी ज्वालापुर हरिद्वार द्वारा थाना रायवाला में तहरीर देकर बताया गया था कि उनकी बस जो की रेलवे स्टेशन के पीछे सर्विस लेन रायवाला पर रात 10 बजे खडी की गयी थी, को रात मे ही किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर बस चुराने वाले की तलाश शुरू कर दी गयी। बस चोरी के मामले को देखते हुए आलाधिकारियों द्वारा इसके खुलासे हेतू एसओजी देहात एव रायवाला पुलिस की टीम का गठन किया गया।

गठित पुलिस टीम द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद घटना के 24 घंटे के अन्दर स्वारना पुल पार, बडा रामपुर सहसपुर से चोरी की घटना को अंजाम




देने वाले आरोपी विनोद कुमार वर्मा पुत्र रामपाल वर्मा निवासी ग्राम रघुवापुर तहसील तिलेहर जिला शाहजहांपुर उ.प्र, को चुरायी गयी बस सहित गिरफ्तार किया गया।

आरोपी विनोद कुमार द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वह मूल रूप से शाहजहाँपुर उत्तर प्रदेश का रहने वाला है तथा ड्राइवरी का कार्य करता है। बताया कि 24 सितम्बर की रात हरिद्वार की ओर से आते समय उसे रायवाला रेलवे स्टेशन के पीछे सर्विस लेन में एक बस खडी दिखाई दी, जिसे उसने मास्टर की से स्टार्ट कर चोरी कर लिया तथा पुलिस से बचने के लिये उस बस को सहसपुर में अपने गांव के ही रहने वाले एक व्यक्ति के पास छिपाने के उद्देश्य से ले जा रहा था पर उससे पूर्व ही पुलिस ने मुझे गिरफ्तार कर लिया।

बहरहाल पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# 8वें रोजगार मेले में पीएम मोदी ने 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे !

नई दिल्ली। पीएम मोदी ने आज, 26 सितंबर को 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। रोजगार मेले का आयोजन देश भर में 46 विभिन्न केंद्रों पर किया गया। इससे पहले आयोजित 8वें रोजगार मेले में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 51 हजार से अधिक युवाओं को ज्वाइनिंग लेटर दिए थे। मेले का आयोजन केंद्र सरकार की ओर से किया जा रहा है। अब तक देश भर में कुल 9 बार रोजगार मेले का आयोजन किया जा चुका है। चयनित युवाओं को प्रशिक्षण के बाद विभिन्न विभागों में नियुक्ति दी जाएगी। पीएम रोजगार मेला 22 अक्टूबर, 2022 को शुरू हुआ और पहले रोजगार मेले में 75,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। चयनित युवाओं को आयकर विभाग, रेल सहित विभिन्न विभागों में तैनाती दी जाएगी। विभगों में तैनाती से पहले इन युवाओं को सरकार की ओर से ट्रेनिंग भी जाएगी। केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि लोकसभा चुनाव के पहले 10 लाख युवाओं को नौकरियां दी जाएगी। इसकी क्रम में हर माह रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले का आयोजन देश भर के विभिन्न राज्यों में किया जाता है।



# ज्वेलरी शोरुम में 25 करोड़ की चोरी

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में एक ज्वेलरी शॉप में 25 करोड़ रुपये की चोरी हो गई है। दिल्ली के भोगल इलाके में एक गहने की दुकान से करीब 20-25 करोड़ रुपये की चोरी का मामला सामने आया है। ज्वेलरी के शोरुम में सेंध लगाकर चोरों ने चोरी को अंजाम दिया है। बीती रात चोर इस शोरूम में छत काटकर घुसे और सेंध लगाकर स्ट्रांग रूम तक पहुंचने में कामयाब रहे।

ज्वेलरी शोरुम के मालिक संजीव जैन ने बताया है कि उन्होंने रविवार को दुकान बंद करने के बाद आज मंगलवार 25 सितंबर को खोली तो पता चला कि चोरी हो गया है। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें छत कटी हुई दिख रही है। हालांकि इस घटना का अब तक कोई सीसीटीवी फुटेज सामने नहीं आया है, जिसके आधार पर चोरों की पहचान की जा सके।




घटना सोमवार आधी रात के बाद की है। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो रहा है। शोरूम मालिक ने बताया कि दुकान में हीरे और सोने के 20 से 25 करोड़ रुपये के गहने थे, जो सब चोरी हो गए हैं। दिल्ली के जंगपुरा के इलाके में सोमवार को मार्केट बंद रहता है। इसलिए दो दिन शोरूम बंद था और मंगलवार को खुला। मालिक ने कहा कि दुकान का पैनल टूटा हुआ देखकर उन्हें शक हुआ। जब उन्होंने दुकान का शटर खोला तो यह देखकर हैरान रह गए कि दुकान से सारे हीरे और सोने के आभूषण लूट लिए गए थे। ज्वेलरी शोरुम के मालिक संजीव जैन ने कहा कि, हमने रविवार को दुकान बंद की और सोमवार की छुट्टी के बाद जब मंगलवार को दुकान खोली तो हमने देखा कि पूरी दुकान में धूल थी और स्ट्रॉन्ग रूम की दीवार में एक छेद था। हमें लगता है कि चोरों ने सब कुछ लूट लिया है। लगभग 20-25 करोड़ रुपये के आभूषण थे, वे छत से दाखिल हुए। सीसीटीवी सहित सब कुछ क्षतिग्रस्त हो गया है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# जोशीमठ आपदा का संदेश

जोशीमठ भू-धसाव की घटना को लेकर आठ वैज्ञानिक संस्थाओं द्वारा किए गए सर्वे की रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद यह बात अब स्पष्ट हो गई है कि जोशीमठ रहने लायक शहर नहीं है। इस रिपोर्ट में इस बात का स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि इस समस्या का कारण क्या है और इसका निवारण किस तरह से किया जा सकता है। जनवरी माह में जोशीमठ शहर में जो बड़ी दरारें जमीन और भवनो में आई इसका मुख्य कारण यही था कि इस शहर की जमीन की वहनीय क्षमता का बिना आकलन किये यहां अनियोजित तरीके से निर्माण और विकास कार्य किए गए। जिसके कारण प्राकृतिक जल स्रोतों और प्रकृति में भारी बदलाव आया। शहर में हुए अत्यधिक निर्माण कार्य और जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था न होने के कारण भी समस्या ने विकराल रूप लिया। वैज्ञानिकों के अनुसार जोशीमठ का वह हिस्सा जहां सबसे अधिक दरारें आई वह हाई रिस्क जोन में रखा गया है इस क्षेत्र में बने 900 से अधिक भवनो को या यह कहे की सिंह द्वार, गांधीनगर, मनोहर बाग और सुनील वार्ड वाला क्षेत्र कतई भी रहने लायक नहीं है तथा इसमें बने सभी भवनों का ध्वस्तिकरण जरूरी है यही नहीं जो मध्य और निम्न खतरे वाले क्षेत्र हैं वह भी आपदा के दृष्टिकोण से सुरक्षित नहीं है। शहर का सिर्फ एक चौथाई हिस्सा ही ऐसा है जहां रहा जा सकता है। जोशीमठ के हाई रिस्क जोन वाले क्षेत्र में अब किसी भी तरह के मरम्मत कार्य या नवनिर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का सुझाव भी वैज्ञानिकों द्वारा दिया गया है। ऐसी स्थिति में जब राज्य सरकार इस आपदा को लेकर यह सोच रही थी कि जोशीमठ में स्थिति अब सामान्य है वह सोच पूरी तरह से गलत थी। जोशीमठ शहर का विस्थापन अब एक बड़ी समस्या और चुनौती बना हुआ है। इस ऐतिहासिक शहर का अस्तित्व बनाए रखने के लिए यहां की की आबादी को सीमित किया जाना तथा विकास कार्यों पर और निर्माण पर प्रतिबंध अति आवश्यक है। इसके विस्थापन के लिए पहले भी कई स्थान चिन्हित किए गए थे तथा केंद्र सरकार 1465 करोड़ की मंजूरी दी गई थी इसके लिए गौचर में 25 हेक्टेयर जमीन पर विस्थापितों को बसाने की योजना है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जोशीमठ के आसपास के कई गांव से भू धसाव संकट के संकेत सामने आ रहे हैं। जो इस समस्या को और भी अधिक गंभीर बनाते हैं। पहाड़ों में भू धसाव और भूस्खलन की जो समस्या पैदा हुई है या विकराल होती जा रही है वह सिर्फ जोशीमठ या उसके आसपास तक ही सीमित नहीं है नैनीताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ से लेकर रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी तक पहाड़ का एक बड़ा भूभाग इस समस्या की जद में है। सड़क, पुल, सुरंगों के निर्माण और बहुमंजिलीय इमारतों के निर्माण ने पहाड़ के मूल स्वरूप को और उसकी प्रकृति को पूरी तरह बदल दिया है। नदियों के किनारे अतिक्रमण तथा निर्माण सामग्री व पहाड़ों का मलवा नदी में धकेले जाने से उनका प्रवाह बदला है। इस साल मानसूनी दौर में इसका प्रभाव तमाम जगह बाढ़ के रूप में बिंध्वसकारी देखा गया है। प्रकृति से की जाने वाली अत्यधिक छेड़छाड़ अब मानव समाज के लिए मुसीबत बन चुकी है। किसी एक शहर का विस्थापन या किसी एक क्षेत्र का ट्रीटमेंट तो संभव है लेकिन अगर समूचे पहाड़ की हालत एक जैसी हो जाए तो समस्या का समाधान असंभव हो जाएगा।

# सर्वांगीण विकास ही हमारा लक्ष्यः नेगी

हमारे संवाददाता

टिहरी। लोक निर्माण विभाग चंबा द्वारा प्रताप नगर विधानसभा के थोलधर विकासखंड के झुल्क से राम गांव तक दो किलोमीटर सड़क का डामरीकरण एवम बेरगणी खाला से नैखवाड़ तक 1.12 किमी मोटर मार्ग के नवनिर्माण कार्य का शिलान्यास प्रताप नगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रताप नगर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारा लक्ष्य है जिसके लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य किया जा रहा है क्षेत्र के प्रत्येक गांव को सड़क से जोड़ा जायेगा। सड़कों की हालत में सुधार के लिए कार्य किए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि सड़क विकास की धुरी है जिसके माध्यम से अन्य कार्य को गति दी जाती है। यातायात सुगम हो और क्षेत्र वासियों को सुविधा हो और समय पर गंतव्य तक पहुंच सके ऐसे प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से आने जाने के साथ ही अन्य सुविधाओ का भी विकास होगा। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता जगदीश खाती, अमित रूसिया, यशपाल चौहान एवम क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों ने पूजा अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष भरत बुटोला, नरेंद्र राणा, विजेंद्र सिंह रावत, मुरारी लाल खंडवाल, कुलदीप पंवार, मान सिंह रौतेला सहित कई लोग मौजूद रहे।

**आ मे वचांस्युद्यता द्युमत्तमानि कर्त्वा।**
**उभा यातं नासत्या सजोषसा प्रति हव्यानि वीतये॥**

(ऋग्वेद ८-१०१-७)

हे नर और नारियों ! एक दूसरे के साथ मिलकर चलो और जो दिव्य ज्ञान प्राप्त किया है उसको यथार्थ में लाकर अर्थव्यवस्था का कल्याण करो। किसी भी मनुष्य को भोग्य पदार्थ की कभी कमी ना हो।

# अशोक चक्र विजेता बहादुर सिंह बोहरा को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

संवाददाता

देहरादून। अशोक चक्र विजेता अमर शहीद हवलदार बहादुर सिंह बोहरा की 15वीं पुण्यतिथि पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने उनको श्रद्धांजलि दी।

आज यहां सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने अशोक चक्र विजेता अमर शहीद हवलदार बहादुर सिंह बोहरा जी की 15वीं पुण्यतिथि पर बिलासपुर कांडली देहरादून स्थित उनके आवास पहुंचकर शहीद हवलदार बहादुर सिंह बोहरा की प्रतिमा पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनकी वीरता को नमन किया।



इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा शहीदों को कोई भी वापस नहीं ला सकता लेकिन सरकार का दायित्व है, कि उनके और उनके परिजनों के प्रति सरकार कितनी गंभीर है। मंत्री ने कहा उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शहीदों के उत्थान और उनके कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा देहरादून में भव्य सैन्य धाम का निर्माण किया जा रहा है। जिसका निर्माण कार्य दिसंबर माह तक पूर्ण कर लिए जाएगा। उन्होंने कहा अमर शहीद के नाम पर देहरादून के न्यू कैंट रोड़ स्थित विजय कॉलोनी पुल पर शहीद द्वार निर्मित किया गया है। मंत्री ने कहा शहीदों के सम्मान और उनके परिजनों के कल्याण के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत हैं। इस अवसर पर उत्तराखण्ड सब एरिया से कर्नल सुमित सूद, कर्नल आदित्य वाली, शहीद की पत्नी शांति बोहरा, वंदना बिष्ट, चंदन बिष्ट, नैन सिंह पवार, आशीष शर्मा, मंजु देऊपा आदि उपस्थित रहे।

# युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृति पर जताई चिंता

बागेश्वर (आरएनएस)॥ राजकीय महाविद्यालय एंटी ड्रग सेल ने नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान पर भाषण संगोष्ठी आयोजित की। विषय नशामुक्त समाज के निर्माण मेरे सुझाव और मेरा योगदान था।

प्राचार्य डा. मधुलिका पाठक ने युवाओं में बढ़ती नशे की आदत के प्रति चिंता प्रकट की। नशे से मुक्ति पाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे बढ़कर योगदान देने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के एंटी ड्रग सेल प्रभारी प्रवीन ने राज्य सरकार से संचालित नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान की सराहना की। युवा पीढ़ी में बढ़ती नशे की लत के प्रति खेद प्रकट किया। नशे के मनुष्य जीवन पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों के संबंध में जानकारी दी। संगोष्ठी में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने नशे की आदत को समाज के लिए हानिकारक बताया। प्रिया पांडेय कहा कि नशा एक बीमारी है, निजात इससे पाना है और बच्चों को नशामुक्त बनाना है। पूर्णिमा पांडेय, रिया पांडेय, सोनी पिलख्वाल आदि ने भाषण संगोष्ठी में प्रतिभाग किया। संचालन कैलाश चंद्र ने किया।

# महिला से छेडछाड पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। महिला से छेडछाड कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक महिला द्वारा थाना कोतवाली नगर में लिखित तहरीर देते हुए बताया कि सुनील भट्ट नाम के एक व्यक्ति द्वारा पिछले कुछ समय से उसे लगातार परेशान किया जा रहा है तथा 25 सितम्बर 23 को कांवली रोड पर काम पर जाते समय उक्त व्यक्ति द्वारा उसके साथ छेड़खानी की गयी तथा मना करने पर उसके साथ गाली-गलौच करते हुए उसे जान से मारने तथा चेहरे पर तेजाब फेंकने की धमकी दी गयी, महिला द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर तत्काल सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

वहीं एसएसपी अजय सिंह ने अपील की है कि महिलाओं की सुरक्षा दून पुलिस की प्रार्थमिकता है, इस प्रकार के कृत्य करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। यदि किसी बालिका/महिला के साथ कोई अपराध होता है तो उसे छुपाये ना, तत्काल पुलिस को बतायें।

# सर्विस सेंटर पर खड़ी बस चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने सर्विस सेंटर पर खडी बस चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीरामपुरम कालोनी ज्वालापुर हरिद्वार निवासी रविन्द्र सिंह मान ने रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी बस रेलवे स्टेशन के पीछे स्थित सर्विस सेंटर में खडी की थी लेकिन आज जब वह वहां पहुंचा तो उसकी बस वहां पर नहीं थी। आसपास के लोगों से बस के बारे में पूछने पर किसी ने कोई जवाब नहीं दिया।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# गांधी जयंती पर वितरित किए जाएंगे कपड़े के बैग

बागेश्वर (आरएनएस)। दो अक्टूबर को गांधी जयंती जिले में धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। साफ-सफाई के साथ ही प्लास्टिक उन्मूलन अभियान चलाया जाएगा। कपड़े के बैग वितरित किए जाएंगे। प्रभातफेरी के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा।

उपजिलाधिकारी मोनिका की अध्यक्षता में सोमवार को तहसील सभागार में आयोजित बैठक में कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में तय किया गया कि पुलिस थाना एवं नुमाईशखेत मैदान स्थित गांधी जी की मूर्ति की सफाई तथा रंगरोगन का कार्य नगरपालिका परिषद द्वारा किया जाएगा। सर्वसम्मति से तय किया गया कि विगत बर्ष की भांति इस बार भी प्रभात फेरी सुबह छह चौक बाजार से शुरू होकर बस स्टेशन होते हुए थाने के समीप गांध ी की मूर्ति में माल्यार्पण होगा। इसके बाद बस स्टेशन होते हुए दुग बाजार से होकर नुमाईशखेत में साढ़े छह बजे गांध ी की मूर्ति में सामूहिक माल्यार्पण किया जाएगा। आठ बजे सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण एवं माल्यार्पण होगा। भजन गायन कार्यक्रम किए जाएंगे। विद्यालयों में निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

समाज कल्याण विभाग को वृद्धावस्था आश्रम व आश्रम पद्धति विद्यालय में फल वितरण करने के निर्देश दिए गए। खेल विभाग द्वारा क्रांस कंट्री दौड़ का भी आयोजन किया जाएगा, जिसके नोडल जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी होंगे। सड़क महकमे के अधिकारी अपनी-अपनी सडको के किनारे एवं कलमठों की सफाई अभियान चालाएंगे। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक एसएस राणा, दलीप खेतवाल, इंद्र सिंह परिहार, भवानी राम आगरी, चेयरमैन रेडक्रास संजय शाह जगाती, कोषाधिकारी इंद्र सिंह, समाज कल्याण अधिकारी हेम तिवारी, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज बर्मन, तहसीलदार दीपिका आर्या, तितिक्षा जोशी आदि मौजूद रहे।

# घर पर बनाएं सेरेलेक!

शिशु के लिए खरीदी जाने वाली सबसे जरूरी चीजों में सेरेलक भी एक है। दूध के बाद शिशु को सेरेलेक से ही जरूरी पोषण दिया जाता है। इससे बच्चे का पेट भी भरा रहता है और पोषण भी मिलता है, लेकिन बाजार में मिलने वाला सेरेलक काफी लोगों के बजट से बाहर होता है। ऐसे में इसे घर पर बनाना एक अच्छा आइडिया है।

यहां हम आपको घर पर सेरेलेक बनाने की विधि के बारे में बता रहे हैं जिसके लिए आपको कुछ खास खरीदने की जरूरत भी नहीं है।

सेरेलक बनाने का तरीका

सामग्री : एक कप चावल, 2 बड़े चम्मच मूंग की दाल, 2 बड़े चम्मच उड़द की दाल, 2 बड़े चम्मच अरहर की दाल और 8 बादाम। आप इंग्रेडिएंट्स की मात्रा इसी अनुपात में अपने हिसाब से घटा या बढ़ा सकते हैं।

सबसे पहले सभी इंग्रेडिएंट्स को एक बड़े कटोरे या बर्तन में डाल लें। अब इन्हें 2 से 3 बार अच्छी तरह धो लें. इसके बाद पानी निकाल कर अलग रख दें। अब इसे किसी साफ कपड़े पर निकाल कर फैला लें और सूखने दें। अगर आपके बच्चे को ड्राई फ्रूट्स से एलर्जी है तो इन्हें न डालें. जब इंग्रेडिएंट्स अच्छी तरह से सूख जाएं तो इन्हें रोस्ट कर लें। इसके लिए एक पैन को गर्म करें, गैस की आंच धीमी रखें। अब सभी इंग्रेडिएंट्स को इसमें डालकर लगभग 1० मिनट के लिए रोस्ट 'करें। ध्यान रखें कि आप इसे लगातार चलाते रहें। अब बीच में चेक करें कि चावल के दानें सॉफ्ट हो गए हैं या नहीं. इसके बाद इसे रूम टेंपरेचर पर ठंडा होने के लिए छोड़ दें।

सेरेलक पाउडर बनाने की विधि

अब इसे ग्राइंड करने के लिए जार में डालें और अच्छी तरह पीस कर पाउडर बना लें। इसके बाद चेक कर लें कि कहीं बादाम के बड़े टुकड़े तो बाकी नहीं रह गए हैं, अगर ऐसा हो तो फिर से इसे ग्राइंड कर लें या इन्हें निकाल लें। आपका सेरेलक पाउडर तैयार है।

स्टोर करने का तरीका

आप इसे 3 हफ्तों के लिए एयर टाइट कंटेनर में रूम टेंपरेचर पर रख सकते हैं। आप चाहें तो इसे फ्रिज में भी स्टोर कर सकते हैं, फ्रिज में स्टोर करने से आप इसे 6 हफ्तों तक इस्तेमाल कर सकते हैं।

सेरेलक कैसे बनाते हैं

इस सेरेलेक की 2 बड़ी चम्मच लें. इसमें थोड़ा पानी मिलाकर मिक्स करें और पेस्ट बना लें. अब एक कप पानी को गर्म करें और इसमें सेरेलेक के पेस्ट को डाल दें. इसे थोड़ा पक कर गाढ़ा होने दें। 3 से 4 मिनट तक इसे पकाएं।

सेरेलक कब खिलाएं

बच्चे ब्रेकफास्ट या लंच में सेरेलक खिलाना सबसे सही रहता है। इस बैलेंस्ड डायट से आपके बच्चे को पोषण तो मिलेगा ही साथ ही उसका पेट भी भरा रहेगा।

# पुलिस मुखबरी के शक में युवक को पीटा, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। राज्य में खनन माफियाओं के हौंसले किस कदर बुलंद हो चुके है। इसकी बानगी धर्मनगरी हरिद्वार के सिडकुल क्षेत्र में सामने आयी है। यहां खनन माफियाओं द्वारा पुलिस का मुखबिर समझ कर एक युवक की पिटाई करने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक की शिकायत पर पुलिस ने दो नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। पुलिस के अनुसार इनाम हसन पुत्र मेहंदी हसन निवासी हजाराग्रंट ने शिकायत देकर बताया कि गांव के कई लोग रात के समय खनन का काम करते हैं। खनन सामग्री से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली की सूचना देकर उसने कभी पुलिस से नहीं पकड़वाया है। लेकिन उसके बाद भी गांव के वाजिद, मोनू आदि ने मिलकर गांव में उसे पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट की और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपीयो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्मैक व गांजे के साथ महिला सहित दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक व गांजे के साथ महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने मायाकुण्ड के पास एक महिला को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडी हुई। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। पुलिस ने तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 750 ग्राम गांजा बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने श्रीमती गंगागिरी पत्नी उमेश गिरी निवासी प्राचीन काली मन्दिर झुग्गी झोपडी बताया। वही सहसपुर थाना पुलिस ने ग्राम ढाकी के पास 60 ग्राम स्मैक के साथ एक को गिरफ्तार किया जिसने अपना नाम फुरकान पुत्र रियाजुद्दीन निवासी ढाकी सहसपुर बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# जनसुनवाई में आयी 96 शिकायतें, डीएम ने अधिकारियों को दिये निस्तारण के निर्देश



संवाददाता

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने जनसुनवाई के दौरान आयी शिकायतों के निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये।

आज यहां जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में 96 शिकायतें प्राप्त हुई। प्राप्त शिकायतों में भूमि विवाद, भूमि सीमांकन, समाज कल्याण वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, भूमि मुआवजा, भूमि अभिलेखों में नाम सुधार करने अतिक्रमण, ऋण माफ करने, पेयजल, विद्युत आदि शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें, शिकायतकर्ता को भी शिकायत की स्थिति से अवगत कराएं। जिलाधिकारी ने फरियादियों/शिकायतकर्ताओं से अनुरोध किया कि वे अपनी शिकायतों के संबंध में स्वयं मिलें। किसी अन्य के माध्यम से पत्र/आवेदन देने से बचें साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी अन्य द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे आवेदन पर शिकायतकर्ता से ही आवेदन प्राप्त करने को कहें। जनसुनवाई में डोईवाला दुधली में ग्राम समाज की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत पर उपजिलाधिकारी डोईवाला को कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही भूमि के संबंध वन विभाग, राजस्व विभाग को संयुक्त निरीक्षण के निर्देश दिए। सेलाकुई में सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण की शिकायत तथा विकासनगर अंतर्गत भूमि संबंधी प्रकरणों पर पर उप जिलाधिकारी विकासनगर को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए। हरिपुरकला में प्रॉपर्टी डीलर द्वारा संपति पर कब्जा करने की शिकायत पर उप जिलाधिकारी ऋषिकेश को जांच करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए। एक फरियादी द्वारा शिकायत की गई कि उनको वर्ष 1986 में नसबंदी स्कीम में विकासनगर क्षेत्रान्तर्गत भूमि पट्टे आवंटित किए गए किंतु नाम दर्ज नहीं हुआ, जिस पर उप जिलाधिकारी विकासनगर को कार्यवाही के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, उप जिलाधिकारी सदर नंदन कुमार (आईएएस), नगर मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय जैन, उप जिलाधिकारी हरिगिरी गोस्वामी, उपनगर आयुक्त नगर निगम देहरादून गोपाल राम बिनवाल, पुलिस अधीक्षक क्राइम मिथिलेश कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ विद्याधर कापड़ी, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, जिला पंचायती राज अधिकारी विद्याधर सोमनाल, अधि अभि विद्युत राकेश कुमार, सिंचाई, लोनिवि, पेयजल, जल संस्थान, समाज कल्याण सहित संबंधित विभागों के अधिकारी/कार्मिक उपस्थित रहे।

## 700 ग्राम चरस सहित हरियाणा के दो तस्कर दबोचे



हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। चरस तस्करी में लिप्त हरियाणा के दो तस्करों को पुलिस ने कल देर शाम 700 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार कर लिया है।

मामला मोरी थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार कल देर शाम थाना मोरी पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ नशा तस्कर नशीले पदार्थो की डिलीवरी हेतु आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को तुंगजाला, नैटवाड़ रोड़ के समीप दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखायी दिये। पुलिस ने जब उन्हे रूकने का इशारा किया तो वह सकपका कर भागने लगे। इस पर उन्हे घेर कर रोका गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से 700 ग्राम चरस बरामद की। पूछताछ में उन्होने अपना नाम सत्यवान पुत्र रामसरूप निवासी ग्राम गढ़ी उजाले खान थाना गहाना जिला सोनीपत हरियाणा, व धर्मवीर पुत्र जिले सिंह निवासी ग्राम गढ़ी उजाले खान थाना गहाना जिला सोनीपत हरियाणा बताया। पुलिस ने उन्हे एनडीपीएस की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

## एक किलो चरस के साथ दो गिरफ्तार

देहरादून। पुलिस ने एक किलो तीन सौ ग्राम चरस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेमनगर थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान सुद्धोवाला चौक के पर एक मोटरसाईकिल पर सवार दो लोगों को रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडे हुए।

पुलिस ने पीछा कर उनको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके कब्जे से एक किलो 320 ग्राम चरस बरामद कर ली। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम अर्जुन राठी पुत्र ओमेंद्र राठी निवासी भोपा मुजफ्फरनगर व प्रदीप सिंह पुत्र जसवीर सिंह निवासी पानीपत हरियाणा बताया।

## भय पैदा करने के उद्देश्य से फायरिंग करने वाला शातिर गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। भय पैदा करने के उद्देश्य से फायरिंग करने वाले एक शातिर बदमाश को पुलिस ने घटना में इस्तेमाल तमंचे व दो कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया है।

मामला मंगलौर कोतवाली क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार बीते 23 सितम्बर को कोतवाली मंगलौर पर प्रीतम सिंह निवासी ग्राम घोसीपुरा द्वारा तहरीर देकर बताया गया था कि उसके घर पर अज्ञात बाइक सवारों द्वारा अपने हाथों में तमंचा लेकर फायरिंग की गयी साथ ही उससे पांच हजार रूपये भी मांगे गये है तथा पैसे न देने पर जांन से मारने की धमकी दी गयी है। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गयी। जिस पर कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने बीती शाम एक आरोपी को घटना में प्रयुक्त तमंचे व दो कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम मंगल पुत्र साहब सिंह निवासी ग्राम मुंडलाना कोतवाली मंगलौर जनपद हरिद्वार बताया। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।



# सरकारी खाते में गड़बड़झाला

लोकतंत्र में वित्तीय उत्तरदायित्व सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण पहलुओं में एक माना जाता है। लेकिन 'क्वालिटी ऑफ एकाउंट्स एंड फाइनेंशियल रिपोर्टिंग प्रैक्टिसेज' नाम की सीएजी की 27 पेज की रिपोर्ट में बताया गया है कि इस उत्तरदायित्व की गुजरे वर्षों में खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई हैं।

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की एक रिपोर्ट में सरकारी खातों में चल रहे जिस गड़बड़झाले पर रोशनी डाली है, उसकी अगर जवाबदेही तय की जाए, तो पूरी केंद्र सरकार कठघरे में खड़ी नजर आएगी। लेकिन यह आज के माहौल पर एक कड़ी टिप्पणी है कि यह रिपोर्ट सीएजी ने पिछले महीने सौंपी थी, जबकि उसकी खबर अब जाकर एक अंग्रेजी अखबार ने छापी है। लोकतंत्र में वित्तीय उत्तरदायित्व सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण पहलुओं में एक गिना जाता है। लेकिन 'क्वालिटी ऑफ एकाउंट्स एंड फाइनेंशियल रिपोर्टिंग प्रैक्टिसेज' नाम की इस 27 पेज की रिपोर्ट में बताया गया है कि इस उत्तरदायित्व की गुजरे वर्षों में खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई हैं। सार यह है कि किसी मद का धन कहीं और खर्च कर दिया गया, गलत गणनाएं की गईं, धन को रखने संबंधी नियमों का खुल कर उल्लंघन किया गया, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में सरकार ने अपने निवेश के बारे में जो जानकारी दी और उन कंपनियों ने इस संबंध में जो विवरण दिया उसमें भारी फर्क है। और जिन खर्चों का ब्योरा देने में सरकार ने अपने को अक्षम पाया- या जिसे उसने नहीं बताना चाहा, उसे 'अन्य प्राप्तियों एवं व्यय' की श्रेणी में डाल दिया गया। इसके अलावा सरकार का वित्तीय प्रदर्शन बेहतर दिखे- इसके लिए सरकार ने अनुकूल पैमानों को अपनाया। मसलन, सीएजी ने बताया है कि सरकार ने ऐतिहासिक दर के आधार पर विदेशी कर्ज की गणना कर बताया कि उस पर चार लाख 39 हजार करोड़ का ऋण है। जबकि यह गणना अगर वर्तमान विनिमय दर पर की जाए, तो यह रकम छह लाख 58 हजार करोड़ रुपये बैठेगी। उधर सरकार पर छोटी बचत योजनाओं और भविष्य निधि के तहत जो देनदारियां हैं, साल 2021-22 में उन्हें 21,560 करोड़ रुपये कम करके बताया गया। नियमों के उल्लंघन की मिसाल देते हुए सीएजी ने बताया है कि सार्वजनिक धन को अलग-अलग करेंट एकाउंट्स खोल कर रखा गया, जबकि ऐसा कोई प्रावधान मौजूद नहीं रहा है। तो सार यह है कि वर्तमान सत्ताधारी जवाबदेही की अवधारणा से दूर रहते हुए सरकारी कोष के साथ व्यक्तिगत संपत्ति जैसा व्यवहार कर रहे हैं। यह सिरे अस्वीकार्य है। (आरएनएस)

# जांच की जरूरत है

खबर है कि अवैध तरीके से पोलैंड के रास्ते अमेरिका और यूरोप के दूसरे देशों तक जाने वालों में भारत के लोग भी शामिल हैं। आरोप तो यहां तक लगा है कि भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारियों की मिलीभगत से यह घोटाला चल रहा था।

हालांकि विवाद अंतरराष्ट्रीय है, लेकिन इसमें कथित रूप से भारतीय नागरिक भी शामिल या इससे प्रभावित बताए जाते हैं, इसलिए इस पर भारत सरकार को अवश्य ध्यान देना चाहिए। खबर है कि अवैध तरीके से पोलैंड के रास्ते अमेरिका और यूरोप के दूसरे देशों तक जाने वालों में भारत के लोग भी शामिल हैं। आरोप तो यहां तक लगा है कि भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारियों की मिलीभगत से यह घोटाला चल रहा था। पोलैंड में तो इस कांड में भागीदारी के कारण वहां के उप विदेशमंत्री को बर्खास्त कर दिया गया है। अब तक जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक भारत समेत एशिया और अफ्रीका के कई देशों के लोगों को पोलैंड का वीजा दे कर यूरोप और अमेरिका भेजा गया है। खुद पोलैंड की सत्ताधारी लॉ एंड जस्टिस पार्टी ने यह मामला उछाला, लेकिन तब उसे पता नहीं था कि यह उसको भी भारी पड़ेगा। जब बात बढ़ी, तो वर्तमान सरकार भी घेरे में आ गई। गौरतलब है कि जल्द ही पोलैंड में चुनाव होने वाले हैं। पोलैंड के अफ्रीका और एशिया के दूतावासों से पैसे लेकर वीजा देने के मामले के उछलने से सत्ताधारी पार्टी की छवि को गहरा धक्का पहुंचा है। पोलैंड में प्रवासियों को लेकर नियम काफी सख्त हैं। इसका फायदा पोलैंड के अधिकारियों ने उठाया। उन्होंने मोटी रिश्वत में लेकर अयोग्य लोगों को पोलैंड का वीजा दिलवाया। ये लोग पोलैंड से वीजा लेकर यूरोप में जर्मनी और दूसरे देशों की ओर गए। यूरोपियन यूनियन (ईयू) के सदस्य देशों में किसी का वीजा होने पर पूरे ईयू क्षेत्र में जाया जा सकता है। खबर है कि जिन देशों को पोलैंड का वीजा दिया गया, उनमें से कुछ लोगों को मेक्सिको के रास्ते अमेरिका भी भेजा गया। इसके लिए बकायदा पोलैंड के दूतावासों से मल्टीइंट्री वीजा जारी किए गए। इस तरह के हरेक वीजा के लिए 35,000 से 40,000 डॉलर तक की रकम बिचौलियों की मदद से वसूली गई। रिपोर्टों के मुताबिक यह सिलसिला 2021 से ही चल रहा था। चूंकि इसमें भारत का नाम भी उछल गया है, इसलिए इस बारे में भारत सरकार को अपने यहां पूरी जांच करानी चाहिए। (आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# कर्ली बालों की सुंदरता बनाए रखते हैं ये हेयर ऑयल, जानें इसे कैसे लगाएं



घुंघराले बाल हर लडकी की खूबसूरती में चार चांद लगा देते हैं, लेकिन इन खूबसूरत बालों को स्वस्थ और चमकदार बनाए रखना भी जरूरी है। घुंघराले बालों की उचित देखभाल न करने पर ये जल्दी बेजान और फ्रिजी हो सकते हैं। इसलिए इनकी देखभाल के कुछ महत्वपूर्ण टिप्स जानना बहुत जरूरी है। घुंघराले बालों को हमेशा नरम और सावधानीपूर्वक कॉम करें। आइए जानते हैं कि घुंघराले बालों को स्वस्थ, खूबसूरत और चमकदार बनाने के लिए कौन सा तेल इस्तेमाल करें।

कोकोनट ऑयल (नारियल तेल)

कोकोनट ऑयल से बालों को गहरी नमी मिलती है। इसे सीधे बालों पर लगा सकते हैं, फिर 1-2 घंटे बाद धो लेंकोकोनट ऑयल में भरपूर मात्रा में विटामिन ई और फैटी एसिड्स पाए जाते हैं जो कर्ली बालों को नरम और चमकदार बनाते हैं। यह बालों की नमी को बनाए रखने में मदद करता है और बालों को हाइड्रेट रखता है। कोकोनट ऑयल में एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं जो स्कैल्प संक्रमण से बचाते हैं। कोकोनट ऑयल बालों को कंडीशन करता है और फ्रिज कम करने में मदद करता है।



अर्गन ऑयल

इसे लिक्विड गोल्ड के रूप में जाना जाता है। यह बालों को मुलायम और चमकदार बनाता है। थोड़ी मात्रा में हाथ पर लें और बालों में अच्छे से मसाज करें। अर्गन ऑयल में विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो बालों को नरम और चमकदार बनाते हैं। यह बालों में नमी बनाए रखने में मदद करता है और बालों को हाइड्रेट रखता है। अर्गन ऑयल एक प्राकृतिक कंडीशनर की तरह काम करता है और फ्रिज को कम करता है। यह बालों के नैचुरल ऑयल को बैलेंस करने में मदद करता है जिससे बाल स्वस्थ रहते हैं। अर्गन ऑयल बालों को सॉफ्ट और सिल्की बनाता है। यह बालों के टूटने और झड़ने को रोकने में मदद करता है।

जोजोबा ऑयल

यह त्वचा के से भी मेल खाता है और बालों को जरूरी पोषण प्रदान करता है। जोजोबा ऑयल में मॉइस्चराइजिंगगुण होते हैं जो बालों को हाइड्रेट रखते हैं।। यह बालों के पीएच बैलेंस को बनाए रखने में मदद करता है,यह ऑयल बालों को सॉफ्ट, सिल्की और चमकदार बनाता है।

कैस्टर ऑयल (अरंडी का तेल)

यह बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देता है और स्कैल्प को भी नमी प्रदान करता है। कैस्टर ऑयल में एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण पाए जाते हैं। यह बालों को बढने में मदद करता है और बाल झड़ने को रोकता है।

आलिव ऑयल (जैतून का तेल)

यह बालों को डीप कंडीशनिंग प्रदान करता है और उन्हें चमकदार और मजबूत बनाता है। आलिव ऑयल में भरपूर मात्रा में विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो बालों को नरम और चमकदार बनाए रखते हैं। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -053

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | |
| | ■ | 5 | | | ■ | ■ | | ■ |
| 6 | | | | ■ | 7 | 8 | | 9 |
| | ■ | | ■ | 10 | | | ■ | |
| ■ | 11 | | | | ■ | 12 | | |
| 13 | | ■ | ■ | 14 | 14ए | | ■ | ■ |
| | ■ | 15 | | | | ■ | 16 | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | 17 | | 18 |
| ■ | 19 | | | ■ | 20 | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 52 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | ■ | ■ | इं | ■ | ■ | ■ |
| स | ह | ■ | ब | र | सा | त | ■ | प |
| ■ | क | हा | नी | ■ | न | क | च | ढ़ा |
| त | ■ | ■ | स्ब | ■ | ■ | ली | ■ | ई |
| क | या | म | त | ■ | क | फ | न | ■ |
| दी | ■ | र्दा | ■ | बा | बू | ■ | ह | वा |
| र | ह | ना | ■ | ल | त | खो | र | ■ |
| ■ | वा | ■ | नौ | क | र | ■ | ■ | सा |
| भा | ई | ■ | का | ■ | ■ | बा | द | ल |

# मिनी स्कर्ट पहन केट शर्मा ने कराया हॉट फोटोशूट



टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा हमेशा सिजलिंग और हॉट लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनका स्टाइलिश अंदाज देखकर अपने होश खो बैठते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो सोशल मीडिया का पारा गर्म करती हुई दिखाई दे रही हैं। भोजपुरी सिनेमा और टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस केट शर्मा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। एक्ट्रेस केट शर्मा आए दिन अपनी ग्लैमरस तस्वीरों के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ बोल्ड तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में अभिनेत्री ने ब्लैक कलर की मिनी स्कर्ट और साथ ही व्हाइट क्रॉप टॉप पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपनी इन तस्वीरों में डीपनेक क्लीवेज फ्लॉन्ट करती हुई एक से बढ?र एक खतरनाक पोज दे रही हैं। एक्ट्रेस का ये लुक फैंस को काफी पसंद जबरदस्त लग रहा है। बता दें कि केट हमेशा अपने हर अंदाज से लोगों का दिल जीत लेती हैं। केट शर्मा जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स करते हैं। हालांकि इन तस्वीरों पर भी काफी लोग के लाइक्स आ चुके हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं। (आरएनएस)

# राधा कृष्ण सीरियल की राधा उर्फ मल्लिका रियल लाइफ में हैं बेहद स्टाइलिश

टीवी सीरियल अगर भक्ति से जुड़ा हो तो देखने वालों की संख्या चार गुनी बढ़ जाती है। साथ ही कई नई और अहम जानकारी भी मिलती है। वहीं साल 2018 में राधा कृष्ण सीरियल ब्रॉडकास्ट हुआ था। इस सीरियल में राधा और कृष्ण के प्रेम और उनके बलिदान की कहानी दिखाई गई। यह सीरियल इनता पसंद किया गया कि इस सीरियल ने जमकर टीआरपी बटोरी। सीरियल के गाने को साथ ही कहानी और किरदारों ने चार चांद लगा दिए थे। बता दें कि इस सीरियल में कृष्ण का किरदार सुमेध मुद्गलकर ने निभाया था। वहीं इस सीरियल में राधा का करिदार मल्लिका सिंह ने निभाया था। बता दें कि राधा के किरदार में नजर आने वाली एक्ट्रेस मल्लिका सिंह ने इस सीरियल से फैन्स का दिल जीत लिया था। चारों तरफ उन्होंने वाहवाही लूटी थी। वहीं बता दें कि मल्लिका सिंह रियल लाइफ में काफी स्टाइलिश हैं। सोशल मीडिया पर उनके कई स्टाइलिश तस्वीरें मौजूद हैं। जिसे देखकर फैन्स हैरान हो गए हैं। कभी वे क्राप टॉप पहने दिखाई दे रही हैं तो कभी वे स्कर्ट टॉप में नजर आ रही हैं। उनका ये फैशनेबल अवतार देख फैन्स के तो होश ही उड़ गए हैं। एक फैन ने कमेंट करते हुए कहा आपको तो इस अवतार में पहचान पाना भी काफी मुश्किल है। तो वहीं दूसरे फैन ने कमेंट करते हुए कहा आपने तो बॉलीवुड को भी फेल कर दिया। बता दें कि मल्लिका सिंह कई सीरियल में काम कर चुकी हैं। वे जय कन्हैया लाल की, अ सूटेबल बॉय, जांबाज सिंदबाद जैसे कई बड़े प्रोजेक्ट्स में नजर आ चुकी हैं। वहीं अब फैन्स उन्हें एक बार फिर राधा के रूप में देखना चाहते हैं। (आरएनएस)

# अक्षय की फिल्म मिशन रानीगंज में दिखेगा वीएफएक्स कमाल का



अक्षय कुमार आने वाले दिनों में कई बड़ी फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। मिशन रानीगंज उन्हीं फिल्मों में शुमार है। पिछले कुछ दिनों से उनकी यह फिल्म लगातार चर्चा में है।फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि इसमें अक्षय चर्चित इंजीनियर जसवंत सिंह गिल का किरदार निभाते नजर आएंगे। अब खबर है कि इस फिल्म में जबरदस्त वीएफएक्स देखने को मिलेगा, जो फिल्म देखने के अनुभव को और खास बना देगा।आइए जानते हैं क्या कुछ जानकारी मिली है।

फिल्म से जुड़े सूत्रों ने बताया कि यह फिल्म वीएफएक्स से लबरेज होगी। इससे दृश्य और प्रभावी हो जाएंगे। अक्षय की पिछली फिल्मों हाउसफुल 4 और 2.0 की तरह ही इसका वीएफएक्स होने वाला है।फिल्म में तकरीबन 1300 वीएफएक्स शॉट्स हैं। बीते ढाई महीनों से निर्माता कई कंपनियों से इसके वीएफएक्स और कंप्यूटर ग्राफिक्स पर काम करवा रहे हैं। इन कंपनियों को काम खत्म करने के लिए 22 सितंबर की आखिरी तारीख दी गई है।

सूत्रों के मुताबिक, फिल्म का कुल 45 मिनट का फुटेज करीब ढाई महीने पहले ही वीएफएक्स कंपनियों के पास आ गया था। इसकी शूटिंग पिछले साल ही पूरी हो चुकी थी।इस पर 6-8 करोड़ के आस-पास खर्च आया है। फिल्म का काम कैसा चल रहा है, यह देखने के लिए निर्देशक टीनू सुरेश देसाई और निर्माता जैकी भगनानी बीच-बीच में वीएफएक्स कंपनी का दौरा करते रहते हैं।फिल्म में कोयले की खदान को कंप्यूटर ग्राफिक्स के जरिए दिखाया जाएगा।

वीएफएक्स का काम 90 फीसदी पूरा हो चुका है। 22 सितंबर तक इसकी एडिटिंग और कलरिंग का काम पूरा किया जाना है, क्योंकि 6 अक्टूबर को फिल्म रिलीज होनी है। निर्माताओं ने करीब 1300 शॉट्स लिए थे, जिसमें अक्षय को दाढ़ी वाले लुक में दिखाना था। वह पूरी फिल्म में इसी लुक में नजर आने वाले हैं। निर्माताओं ने अभी 900 शॉट्स फाइनल किए हैं।फिल्म मिशन रानीगंज- द ग्रेट भारत रेस्क्यू का टीजर हाल ही में रिलीज हुआ था।

फिल्म 13 नवंबर 1989 को रानीगंज कोल फील्ड (पश्चिम बंगाल) में खदान ढहने और बाढ़ आने की सच्ची घटना पर आधारित है। इस हादसे में मजदूरों का समूह जमीन से 350 फीट नीचे खदान में फंस गया था।उस वक्त जसवंत सिंह खदान में इंजीनियर थे। उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर कोयला खदान के 65 मजदूरों की जान बचाई थी।जसवंत को इस बहादुरी के लिए भारत सरकार की ओर से सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक से नवाजा गया था।

अक्षय ने अपने करियर में रुस्तम, एयरलिफ्ट, पैडमैन और केसरी जैसी कई फिल्मों में असल जिंदगी के नायकों की भूमिका निभाई। वह केसरी, सिंह इज किंग और सिंह इज ब्लिंग जैसी तमाम फिल्मों में पगड़ी पहने दिख चुके हैं। उन पर पगड़ी जंची भी है।

# जवान की तरह एनिमल का प्रचार करना चाहते हैं निर्माता!

रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल का दर्शकों को लंबे समय से इंतजार है। इस साल के पहले दिन यानी नए साल के मौके पर फिल्म का पहला पोस्टर जारी हुई था। पोस्टर में रणबीर के लुक ने सभी को फिल्म के लिए रोमांचित कर दिया।यह फिल्म 11 अगस्त को रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसकी रिलीज दिसंबर तक के लिए टाल दी गई।अब निर्माता भूषण कुमार ने फिल्म के टलने की असल वजहों के बारे में बताया है।

भूषण ने फिल्म पर हो रहे काम और इसके टलने की वजहों पर बात की। उन्होंने कहा, एनिमल बहुत अच्छी फिल्म है, जिसे संदीप रेड्डी वांगा (निर्देशक) ने बनाया है। हम इसे 1 दिसंबर को रिलीज करेंगे। हमे इसकी रिलीज टालनी पड़ी थी, क्योंकि इस पर कुछ काम बाकी था।चर्चा थी कि फिल्म बचे हुए काम के अलावा, शाहरुख खान की जवान के साथ दूरी बनाने के लिए भी टाली गई थी।

उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में जवान की खूब एडवांस बुकिंग हुई थी, जो दक्षिण भारतीय सिनेमा का बाजार है। एनिमल के निर्देशक संदीप और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना भी दक्षिण भारत में खूब लोकप्रिय हैं।भूषण ने कहा, एनिमल पैन इंडिया फिल्म है। हम इसे अलग-अलग भाषाओं में रिलीज करने वाले हैं। यह सिर्फ डबिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि हम हर क्षेत्र में जाकर इसका प्रचार भी करेंगे।

भूषण ने यह भी बताया कि यह एक म्यूजिकल फिल्म है, जिसमें 8 गाने हैं।उन्होंने कहा, हमें इन गानों की अलग-अलग भाषाओं में डबिंग करनी थी। रणबीर को इसमें समय लगना था, खासकर, तमिल, तेलुगु और मलयालम में। इसलिए हमने इसे टाल दिया और अब हम इस फैसले से खुश हैं। कई फिल्में सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। लोग वापस आ रहे हैं। यह बॉक्स ऑफिस के लिए अच्छा संकेत है।

फिल्म में रणबीर के साथ अनिल कपूर, बॉबी देओल और रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म एक बाप-बेटे के रिश्ते पर आधारित है।फिल्म में रणबीर का बिल्कुल नया अवतार देखने को मिलेगा। खुद रणबीर ने भी कहा था कि उन्होंने ऐसा किरदार पहले कभी नहीं निभाया है।बता दें कि दिसंबर में ही शाहरुख खान अपनी फिल्म डंकी भी लेकर आ रहे हैं। अब देखते हैं दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर क्या कमाल दिखाती हैं। (आरएनएस)

# चार्ली चोपड़ा में जासूस की भूमिका एक अविश्वसनीय सम्मान: वामिका गब्बी



मॉर्डन लव मुंबई, जुबली, मॉर्डन लव चेन्नई और 83 के लिए मशहूर अभिनेत्री वामिका गब्बी महिला जासूसी सीरीज चार्ली चोपड़ा एंड द मिस्ट्री ऑफ सोलंग वैली में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। अभिनेत्री ने कहा कि एक महिला जासूस का किरदार निभाना मेरे लिए अविश्वसनीय सम्मान हैं। मनोरंजक मर्डर मिस्ट्री अगाथा क्रिस्टी के उपन्यास, द सिटाफोर्ड मिस्ट्री का आधिकारिक रूपांतरण है। इसे विशाल भारद्वाज द्वारा जीवंत किया गया है। गैबी द्वारा अभिनीत यह सीरीज चार्ली चोपड़ा की कहानी पर आधारित है, जो एक निर्दोष अपराधी को बचाने और संदिग्धों से भरे शहर में असली अपराधी को खोजने के लिए एक हत्या के रहस्य में उलझ जाती है।

अपने उत्साह को साझा करते हुए अभिनेत्री ने कहा, किसी शो में भारत की पहली महिला जासूस की भूमिका निभाना एक अविश्वसनीय सम्मान है। चार्ली चोपड़ा एक ऐसा किरदार है, जिसमें मैंने अपना दिल लगा दिया है, और मैं इस रोमांचकारी यात्रा पर दर्शकों के साथ जुडने् का इंतजार नहीं कर सकती। सीरीज में नसीरुद्दीन शाह, रत्ना पाठक शाह, गुलशन ग्रोवर, नीना गुप्ता, लारा दत्ता, प्रियांशु पेनयुली, चंदन रॉय सान्याल, इमाउद्दीन शाह, विवान शाह और पाओली दाम जैसे कलाकार शामिल हैं। वामिका ने आगे कहा, अक्सर हम महिलाओं को इस तरह के किरदारों में नहीं देखते हैं, और विशाल सर वास्तव में ऐसे व्यक्ति हैं जो हर चरित्र को इतने विस्तार से लिखते हैं। मैं हमेशा से उनके महिला किरदारों की बेहद शौकीन रही हूं, जिन्हें वह अपनी स्क्रिप्ट में लिखते हैं और चार्ली भी इससे अलग नहीं है। यह अब तक की मेरी सबसे महत्वाकांक्षी भूमिका है।

चार्ली चोपड़ा एंड द मिस्ट्री ऑफ सोलंग वैली का प्रीमियर 27 सितंबर को सोनी लिव पर होने वाला है। इसके अलावा वामिका तब्बू के साथ खुफिया और वरुण धवन के साथ वीडी18 में भी नजर आएंगी।

# क्राउन प्रिंस के दिन अच्छे

श्रुति व्यास

एमबीएस उर्फ सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की दांस्ता दिलचस्प है।शाही खानदान में पैदा होने के बावजूद जवान होने तक उनकी किस्मत ने साथ नहीं दिया। उनके पिता और सऊदी अरब के बादशाह सलमान पहले से ही अपनी पहली पत्नी से पांच बेटों के पिता थे।वह एक आला शहरी खानदान से थीं और पढ़ी-लिखी थीं।जबकि एमबीएस की मां, जो सलमान की तीसरी पत्नी थीं, कबीलाई थीं। इसलिए जब भी वे राजमहल में जाते जहां उनके पिता अपनी पहली पत्नी के साथ रहते थे, तो उनके बड़े सौतेले भाई उन्हें 'बदु की औलाद' कहकर चिढ़ाते थी। बदु या बदुईन, अरब के रेगिस्तानी इलाके की एक पशुपालक, घुमंतू जनजाति है।

उनके बड़े और चचेरे भाईयों को पढ़ने के लिए अमरीका और ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों में भेजा गया वहीं बदुईन की संतान, प्रिंस सलमान, रियाद में ही रहे।वे किंग सऊद विश्वविद्यालय में पढ़े। जहां उनके भाईयों को राजशाही के ऐशोआराम हासिल हुए वहीं एमपीएस उपेक्षित रहे - अपने भाईयों की छाया में जीने को मजबूर। मगर देरी से ही सही, भाग्य की देवी एमबीएस पर मेहरबान हुई। रियाद में रहने से उनकी अपने पिता (बादशाह) से निकटता बढ़ गई। और वे सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस (युवराज) बन गए। यद्यपि 86 साल के बादशाह सलमान अभी जीवित हैं और राज्याध्यक्ष भी हैं लेकिन अरसे से वे राजमहल के चहारदीवारी के अंदर ही रहते हैं और एमबीएस का राजकाज पर पूरा नियंत्रण हो गया है।

जब एमबीएस ने राजकाज संभाला तब यह उम्मीद थी कि 36 वर्षीय क्राउन प्रिंस, सऊदी के युवावर्ग की इच्छाओं के अनुरूप शासन चलाएंगे। सऊदी अरब की 7० प्रतिशत जनसंख्या 3० वर्ष से कम उम्र की है। उनकी शुरूआत शानदार हुई। सलमान को परम्पराओं से चिपके रहना पसंद नहीं था। इसलिए वे ऐसे सुधार करने में सफल रहे जो असंभव लगते थे - सबसे बड़ा और सबसे ज्यादा नजर आने वाला बदलाव था पब्लिक लाइफ में महिलाओं की भागीदारी। वे कार चलाने लगीं और उन पर बाहर जाने के लिए पति या पिता के साथ होने की बाध्यता हटा दी गई। इसके अलावा मनोरंजन संबंधी पाबंदियों में भी ढील दी गई।

अब सऊदी अरब में कसंर्ट और फार्मूला-1 रेस होती हैं, पार्टियाँ और करोके होते हैं और फैशन शो तथा अवार्ड फंक्शन्स भी। सऊदी अरब फैशनबिल और जिंदादिल बन रहा है और 'पश्चिमी संस्कृति' को गले लगा रहा है। लेकिन 'पश्चिमी नजरिया' अभी भी गायब है। बोलने की आज़ादी नहीं है। बादशाह की आलोचना करने पर सज़ा भोगनी पड़ती है। उन्होंने अपने सारे प्रतिद्वंद्वियों और जिनसे उन्हें खतरा था - मतलब उनके परिवार के सदस्यों - को रास्ते से हटा दिया है। उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यवाही के नाम पर शाही खानदान के सदस्यों को रिट्ज कार्लटन (एक लक्ज़री होटल) में 'नजरबंद' कर दिया था। इस सब से जनता भारी खुश हुई। एमबीएस की जयजयकार होने लगी। वहीं उनके भाई और चचेरे भाई आम आदमी बन गए। उनकी पदवियां, धन-संपत्ति और ऐशोआराम की सुख-सुविधाएं छीन ली गईं और राजकुमारों और राजकुमारियों को नौकरी ढूंढने या देश छोड़?र चले जाने के लिए बाध्य होना पड़ा।

एमबीएस की जीत हुई लेकिन दुनिया उन्हें लेकर आशंकित थी। सन् 2०18 में वाशिंगटन पोस्ट के पत्रकार जमाल खशोगी के सऊदी अरब में बेरहमी से क़त्ल ने एमबीएस के असली चेहरे का पर्दाफाश कर दिए। वे अब खलनायक बन गए थे। न केवल पश्चिमी देशों बल्कि ज्यादातर सऊदी अरब समर्थक दुनिया के नेताओं ने भी उनसे दूरी बना ली।

लेकिन यूक्रेन पर रूस के हमले से उनसे भी बड़ा एक खलनायक उभरा। दुनिया में नई समस्याएं उत्पन्न हुईं, जिनमें से सबसे बड़ी और चुनौतीपूर्ण थी कच्चे तेल की आसमान छूती कीमतें। अचानक 2०18 को भुला दिया गया। दुनिया भर के नेताओं ने एमबीएस से मीठी-मीठी बातें करना शुरू कर दिया। सन् 2०2० में चुनाव अभियान के दौरान जो बाइडन ने सऊदी अरब को दुनिया का 'अछूत' बना देने के कसमें खाईं थीं। मगर 15 जुलाई को उन्होंने एमबीएस से सुलह कर ली। एक बार फिर एमबीएस की जीत हुई।

हां, क्राउन प्रिंस खुशकिस्मत हैं। आज एमबीएस ने लगभग बंद पड़े सॉवरेन वेल्थ फंड को फिर से जीवित कर दिया है और टेक्नोलॉजी, मनोरंजन और खेलों में अरबों डालरों का निवेश किया है जिससे सऊदी अरब की बेहतर छवि बन रही है और उन्हें नए साथी मिल रहे हैं। यहां तक कि सऊदी-भारत संबंध भी बेहतर हो रहे हैं। सन् 2०19 में एमबीएस के दिल्ली दौरे के बाद सऊदी अरब और भारत के सम्बन्ध नई ऊंचाइयों तक पहुंचे हैं और दोनों देशों ने एक संयुक्त रणनीतिक सहयोग परिषद् की स्थापना की है। भारत के लिए सऊदी अरब एक अहम व्यापारिक साझेदार है। वह भारत को तेल और गैस का दूसरा सबसे बड़ा सप्लायर है। जहाँ तक सऊदी अरब का सवाल है, पश्चिम की तरह वह भी 14० करोड़ लोगों के देश में अनेक संभावनाओं को देखता है। हाल में समाप्त हुए जी-2० सम्मेलन में अत्यंत महत्वपूर्ण भारत-मध्यपूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे की घोषणा की गयी। कुछ समय पहले सऊदी को ब्रिक्स का हिस्सा भी बनाया गया। एमबीएस जी-2० शिखर बैठक की समाप्ति के बाद भी भारत में रुके रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ भारत और उनके देश के बीच व्यापारिक और सुरक्षा रिश्तों को बढ़ाने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किये। दोनों नेताओं ने भारत-सऊदी अरेबिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप कौंसिल की पहली शिखर बैठक की संयुक्त रूप से अध्यक्षता भी की।

दुनिया बदल रही है। नए रिश्ते बन रहे हैं और नए नेता उभर रहे हैं। एमबीएस उनमें से एक हैं। पश्चिम ने एमबीएस को एक सबक तो सिखा दिया है - और वह सबक दुनिया भर के तानाशाहों के लिए अच्छी खबर है। और वह सबक यह है कि आपने चाहे जो पाप किया हो, अगर आप आपके खिलाफ गुस्से और नफरत के दौर को झेल जाएं तो आज नहीं तो कल, कुबेरपति फाइनेंसर, मशहूर लोग और पश्चिमी नेता फिर से आप के पास दौड़े-दौड़े आएंगे। एमबीएस अभी केवल 36 साल के हैं और उनके पास भरपूर समय है। कुछ का मानना है कि जैसे-जैसे सऊदी अरब का तेल का भंडार सिकुड़ता जायेगा, जैसे-जैसे देश का खजाना खाली होता जायेगा, वैसे-वैसे एमबीएस और खतरनाक बनते जाएंगे। चिंता जायज़ है मगर अभी तो एमबीएस के अच्छे दिन हैं। वे सऊदी अरब के शाही खानदान के हीरो हैं और दुनिया के रंगमंच के महत्वपूर्ण किरदार।

## विवेक अग्निहोत्री ने जारी किया द वैक्सीन वॉर का नया पोस्टर

विवेक अग्निहोत्री के निर्देशन में बन रही फिल्म द वैक्सीन वॉर पिछले कुछ वक्त से लगातार चर्चा में है। यह फिल्म 28 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। निर्माताओं ने कुछ दिन पहले फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया था, जिसमें सभी कलाकारों की झलक देखने को मिली।अब इस बीच विवेक ने द वैक्सीन वॉर का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें पल्लवी जोशी अपनी भूमिका में नजर आ रही हैं।

विवेक ने अपने आधिकारिक एक्स पर द वैक्सीन वॉर का नया पोस्टर साझा किया है।इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, पेश है- भारत के असली सुपरहीरो के बारे में एक फिल्म। एक ऐसी कहानी जो हर माता-पिता अपने बच्चों को दिखाना चाहेंगे। द वैक्सीन वॉर 28 सितंबर, 2०23 को दुनियाभर में रिलीज हो रही है।इसमें अनुपम खेर, नाना पाटेकर और राइमा सेन समेत कई कलाकार नजर आएंगे। यह फिल्म कोरोना वॉरियर्स की जिंदगी को दिखाएगी।

यह इंडिया की पहली बायो-साइंस फिल्म है, जो कि भारत बायोटेक और इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च द्वारा को-वैक्सीन बनाने की यात्रा को दिखाएगी।

इस फिल्म के निर्माताओं ने हाल ही में इंडिया फॉर ह्यूमैनिटी टूर के हिस्से के रूप में यूएसए में एक स्पेशल स्क्रीनिंग रखी। द कश्मीर फाइल्स के बाद अब दर्शकों के बीच द वैक्सीन वॉर को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है।

विवेक अग्निहोत्री की पिछली फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' ने बॉक्स-ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। साथ ही ये फिल्म कई कारणोंवश विवादों में भी घिरी हुई थी। हालांकि, विवादों में घिरा होना फिल्म के लिए लाभदायक ही रहा था।

## सू- दोकू क्र.053

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 52 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

# ये हाल बना लिया!

यूरोपीय संघ के देश रूसी तेल नहीं खरीदते हैं, लेकिन वे वह डीजल खरीदते हैं, जो इस रूसी तेल को कहीं और रिफाइन करने के बाद प्राप्त होता है। इससे ईयू के प्रतिबंध नाकाम होते हैं।

यूरोपीय देशों ने यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूस के खिलाफ सख्त प्रतिबंध लगाने की कार्रवाई भावावेश में की या अमेरिकी दबाव में- इस बारे में कयास लगाने की पूरी गुंजाइश है। लेकिन यह बात अब लगभग साफ हो गई है कि इस कदम के पीछे रणनीतिक सोच का अभाव था। इसका नतीजा यह हुआ है कि यूरोप की समृद्धि खतरे में पड़ गई है। पूरे यूरोप में महंगाई और ऊर्जा संकट के कारण वहां के उद्योग धंधे अभूतपूर्ण चुनौती का सामना कर रहे हैं। इस बीच रूस की प्राकृतिक गैस की भरपाई के लिए यूरोपीय देश ना सिर्फ अमेरिका से महंगी लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) खरीद रहे है, बल्कि रूस की प्राकृतिक गैस और एलएनजी परोक्ष रूप से दूसरे देशों के जरिए खरीद रहे हैं। भारत जैसे देश को इसका भारी लाभ मिला है। गौरतलब है कि पश्चिमी देश रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए भारत की आलोचना करते आए हैं। लेकिन ताजा आंकड़ों के मुताबिक भारत उसी रूसी तेल को प्रोसेस कर जो पेट्रोलियम उत्पाद बना रहा है, उन्हें जर्मनी भारी मात्रा में खरीद रहा है। और यह कहानी सिर्फ जर्मनी की नहीं है।



जर्मनी की राष्ट्रीय सांख्यिकी एजेंसी डेस्टाटिस के ताजा आंकड़ों के मुताबिक इस साल जनवरी से जुलाई के बीच जर्मनी ने करीब 4० अरब रुपये मूल्य के भारतीय पेट्रोलियम उत्पाद खरीदे हैं। उनमें से अधिकांश उत्पाद ऐसे कच्चे तेल से बने, जो भारत ने रूस से खरीदा था। 2०22 में जर्मनी ने इसी अवधि में 3.29 अरब रुपए मूल्य के पेट्रोलियम उत्पाद खरीदे थे, यानी एक साल बाद जर्मनी की खरीद में 1,1०० प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यह बढ़ोतरी उसी समय हुई, जब भारत बड़ी मात्रा में रूस से कच्चा तेल आयात कर रहा है। कुछ समय पहले यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेफ बोरेल ने लिखा था कि यूरोपीय संघ के देश रूसी तेल नहीं खरीदते हैं, लेकिन वे वह डीजल खरीदते हैं, जो इस रूसी तेल को कहीं और रिफाइन करने के बाद प्राप्त होता है। इससे ईयू के प्रतिबंध नाकाम होते हैं। तो फिर सवाल है कि इस पूरे प्रकरण को यूरोप को हासिल क्या हुआ? (आरएनएस)

## सदाबहार आस्था....

एक सूफी फकीर संध्या समय परमात्मा को धन्यवाद देता कि हे प्रभु! तेरी कृपा का कोई पारावार नहीं, मेरी जो भी जरूरत होती है, तू सदा पूरी कर देता है। शिष्यों को यह बात जंचती नहीं थी क्योंकि कई बार जरूरतें दिन-भर पूरी नहीं होती थीं। एक बार वे गुरु के साथ हज यात्रा पर गये। तीन दिन तक रास्ते में ऐसे गांव मिले, जिन्होंने न उन्हें भीतर घुसने दिया, न ठहरने दिया।

रेगिस्तान की यात्रा और तीन दिन न भोजन, न पानी। पर रोज धन्यवाद जारी रहा। तीसरे दिन जैसे ही धन्यवाद दे रहे हो! कौन-सी जरूरत पूरी की ' फकीर की आंखों से आनंद के अश्क बहने लगे। उसने कहा-तुम समझे नहीं।

तीन दिन हमारी यही जरूरत थी कि न हमको भोजन मिले, न पानी मिले, न ठहरने का स्थान मिले। निश्चित ही वह परीक्षा ले रहा है। वह धन्यवाद क्या कि जिस दिन रोटी मिली, उस दिन धन्यवाद दिया और जिस दिन नहीं मिली, उस दिन न दिया। जिसके हाथों हमने प्यारे फल खाए, उसके हाथों से कड़वे फल भी स्वीकार होने चाहिए।

# युवक का खून से सना शव जंगल से बरामद, हत्या की आशंका

## ❑घटना स्थल से हाकी व बेसबाल का डंडा बरामद
## ❑मृतक का मोबाइल व बाइक लापता

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। रविवार शाम से गुमशुदा हुए युवक का खून सना शव देर शाम जंगल मे मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मौके से पुलिस को एक हाकी व बेसबाल का डंडा भी बरामद हुआ है जबकि युवक का मोबाइल व बाइक गायब बताये जा रहे है। वहीं परिजनों द्वारा युवक की हत्या की आंशका जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुर गांव के जंगल में युवक का खून से लथपथ शव मिलने से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। मृतक कल शाम से गायब चल रहा था। शव के पास झाड़ियों से पुलिस को हॉकी और बेस बोल का डंडा भी बरामद हुआ है। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस सहित अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। इसके अलावा साक्ष्य संकलन के लिए फोरेंसिक की टीम को लगाया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत की सूचना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक की बाइक और मोबाइल भी गायब बताये जा रहे हैं।

मृतक की पहचान अरुण वर्मा निवासी डिबडिबा सुभाष रामपुर उत्तरप्रदेश के रूप में हुई है। परिजनों ने अरुण की हत्या कर शव जंगल में फेकने की आशंका जताई है। घटना की सूचना मिलने पर सीओ, एसपी सिटी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। इसके अलावा साक्ष्य संकलन के लिए फोरेंसिक टीम को भी लगाया गया है। पुलिस के मुताबिक ग्राम सभा डिबडिबा के सुभाष नगर निवासी राजमिस्त्री अमित वर्मा का सबसे छोटा बेटा अरुण वर्मा रविवार की शाम घर से बाइक लेकर रुद्रपुर के लिए निकला था। जब देर रात वह घर नहीं आया तो परिवार ने उसकी काफी खोजबीन शुरू की। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया साथ ही उसका फोन बंद आ रहा था। सोमवार की दोपहर तक परिजन और गांव के लोग अरुण की खोजबीन के लिए आसपास के गांवों में भटकते रहे। शाम साढे पांच बजे सूचना मिली कि भगवानपुर गांव से सटे काशीपुर हाईवे एनएच 74 के किनारे स्थित जंगल में एक युवक का खून से लथपथ शव पड़ा हुआ है। जिसकी भनक लगते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सूचना मिलते ही एसपी सिटी मनोज कत्याल,सीओ सदर अनुषा बडोला,एसएसआई अर्जुन गिरि सहित पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गए। हाईवे से करीब दो सौ मीटर दूर अरुण का शव पड़ा हुआ था। मृतक के सर पर घाव के निशान मिले है। सूचना मिलते ही युवक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घटना स्थल की छानबीन की तो झाडियों से टीम को एक हॉकी और एक बेसबॉल का डंडा भी बरामद हुआ है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह को दी जन्मदिवस की शुभकामनाएं

संवाददाता



देहरादून। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा व अन्य कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह को उनके जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी।

आज यहां प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह को उनके जन्म दिन के अवसर पर प्रदेश के कांग्रेसजनों की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। करन माहरा ने अपने बधाई संदेश में डॉ. मनमोहन सिंह जी को जन्म दिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डा. मनमोहन सिंह ने एक कुशल अर्थशास्त्री के रूप में प्रशासनिक पदों से लेकर भारत के प्रधानमंत्री के रूप में देश की अर्थ व्यवस्था को एक नया आयाम दिया तथा 10 वर्ष तक प्रधानमंत्री के रूप में देश को विभिन्न क्षेत्रों में आगे ले जाने का काम किया। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह जी गरीबों, मजदूरों, किसानों व ग्रामीणों की पीड़ा को भलीभांति समझते हैं। उन्होंने कहा कि हम उत्तराखण्ड प्रदेश के सभी कांग्रेसजन डा. मनमोहन सिंह जी की लम्बी आयु की कामना करते हुए आशा करते हैं कि उनके मार्गदर्शन में कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी तथा उनका सानिध्य हमें सदैव प्राप्त होता रहेगा। करन माहरा ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह का कुशल नेतृत्व ही था जिसने विश्व में छाई हुई मंदी और डुबती हुई वैश्विक अर्थव्यवस्था के दौर में भी भारतीय अर्थव्यवस्था को डुबने नही दिया और उनके दौर में भारतीय अर्थव्यवस्था ने नई उँचाईयों को छूने का काम किया और देश की जीडीपी ने जिन उँचाईयों को उस समय छुवा आज वह एक सपने जैसा है। इस असवर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संगठन/प्रशासन मथुरा दत्त जोशी, महामंत्री विजय सारस्वत, मुख्य प्रवक्ता गरिमा माहरा दसौनी, मीडिया सलाहकार अमरजीत सिंह, महन्त विनय सारस्वत, प्रवक्ता शीशपाल सिंह, राजेश चमोली, अवधेश पन्त, अनुराधा तिवाड़ी आदि ने भी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के जन्मदिन पर बधाई एंव शुभकामनायें दी हैं।

# धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय में लगाई गई 'मिलेट्सः सुपर फूड कॉर्न ' की प्रदर्शनी

कार्यालय संवाददाता



नरेन्द्रनगर। धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेंद्र नगर के बीएससी गृह विज्ञान विभाग द्वारा मिलेट्स :सुपर फूड कॉर्न की महाविद्यालय परिसर में प्रदर्शनी लगाई गई।

इस प्रदर्शनी में विभाग द्वारा उत्तराखंड में प्रमुख तौर पर उगाए जाने वाले श्री अन्न जैसे मँडुआ, झंगोरा, कोनी, कुटकी आदि की प्रदर्शनी लगाई गई।

मिलेट्स सुपर फूड प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर राजेश कुमार उभान ने कहा कि मिलेट्स सुपर फूड भोज्य पदार्थ के साथ-साथ बीमारियों से लड़ने की एक अचूक दवा के रूप में भी कार्य करते हैं। विभाग प्रभारी डॉ सोनी तिलारा ने श्री अन्नों के पोषक मान तथा गुणों के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। विभाग की मीना चौहान तथा भाग्यश्री ने श्री अन्न से बने गढ़वाली व्यंजनों के बारे में जानकारी साझा की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, ग्रामीण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की जानकारी कॉलेज मीडिया समिति के संयोजक डॉ विक्रम सिंह बर्त्वाल ने दी है।

# स्मैक तस्करी के दो धंधेबाज दबोचे, 15 ग्राम स्मैक बरामद

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। स्मैक तस्करी में लिप्त दो धंधेबाजों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे 15 ग्राम स्मैक भी बरामद की गयी है।

जानकारी के अनुसार आज सुबह थाना भगवानपुर पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ नशा तस्कर नशीले पदार्थो की डिलीवरी हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को टोल प्लाजा के समीप बाइक सवार दो संदिग्ध आते हुए दिखायी दिये। पुलिस ने जब उन्हे रूकने का इशारा किया तो वह बाइक मोड़कर भागने लगे। इस पर उन्हे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 15 ग्राम स्मैक व एक डिजिटल तराजू बरामद हुआ। पूछताछ में उन्होने अपना नाम वंश पुत्र भगवानदास व जैकी पुत्र यशपाल सिंह निवासी इब्राहिमपुर थाना गंगनहर बताया। पुलिस ने उन्हे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# शराब के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ दो लोगों को शराब के साथ गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने काली मन्दिर झुग्गी झोपडी के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 39 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम अरूण साहनी पुत्र मौजे साहनी निवासी मायाकुण्ड बताया। वहीं ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने बैराज तिराहे के पास से एक युवक को 54 पव्वे शराब के साथ गिरफ्तार किया। जिसने अपना नाम संदीप कुमार पुत्र जगत पाल निवासी विस्थपित कालोनी आईडीपीएल बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# चरस के साथ महिला गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चरस के साथ महिला को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासनगर कोतवाली पुलिस ने बंदूकची मौहल्ला में एक महिला को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडी हुई। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 240 ग्राम चरस बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम साजदा पत्नी इकलाख निवासी कुंजा ग्रान्ट बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# गांजे के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने गांजे के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सेलाकुई पुलिस ने मन्दिर वाली गली से नदी की तरफ जाने वाले रास्ते पर एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 580 ग्राम गांजा बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम छोटे साहनी पुत्र महेन्द्र साहनी निवासी शिवनगर बस्ती सेलाकुई बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## सभी जिलाधिकारी अपने यहां डेंगू...

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

मामला संज्ञान में आता है तो वहां पर ब्रिज बनाने का प्रस्ताव तत्काल शासन को भेजा जाए। उन्होंने जिलाधिकारियों को पर्यटक स्थलों विशेषकर चारधाम यात्रा रूट पर पार्किंग स्थल चिह्नित कर इस सम्बन्ध में प्रस्ताव बनाकर जल्द से जल्द आवास विभाग को भेजने के भी निर्देश दिए हैं। बैठक में सचिव श्रीमती राधिका झा, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, अपर सचिव डा. अमनदीप कौर, विनीत कुमार, जितेन्द्र कुमार सोनकर तथा वर्चुअल माध्यम से गढ़वाल मण्डल के सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर


# गैस प्लांट में भीषण विस्फोट से 20 लोगों की मौत, 300 घायल

नई दिल्ली। नागोर्नो-काराबाख में अलगाववादी प्राधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि एक गैस केंद्र पर विस्फोट में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और करीब 300 लोग घायल हो गए हैं। पृथक क्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि क्षेत्र की राजधानी स्टेपानाकर्ट के बाहरी इलाके में स्थित गैस केंद्र पर सोमवार देर रात को हुए विस्फोट के बाद 13 शव मिले हैं और घायल 7 लोगों ने दम तोड़ दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि 290 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं विस्फोट के कारण कई लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। क्षेत्र में तीन दशक तक अलगाववादियों का शासन रहा। पिछले सप्ताह अजरबैजान की सेना द्वारा अभियान चलाकर क्षेत्र पर पूर्ण दावा करने के बीच हजारों की तादाद में नागोर्नो-काराबाख निवासी पलायन कर आर्मेनिया पहुंच रहे हैं। इसी बीच विस्फोट की यह घटना हुई। गौरतलब है कि अजरबैजान की सेना का नियंत्रण होने के बाद नागोर्नो-काराबाख से हजारों लोगों ने पलायन करना शुरू कर दिया है। अजरबैजान की सेना द्वारा नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने के बाद हजारों आर्मेनियाई लोग वहां से पलायन करने पर मजबूर हो गए हैं। इस बीच, तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयप एर्दोआन अपने सहयोगी देश को समर्थन देने के लिए सोमवार को अजरबैजान का दौरा करने वाले हैं। अजरबैजान की सेना ने पिछले हफ्ते 24 घंटे के अभियान में आर्मेनियाई सेना को हरा दिया।



# कुएं में गिरा तेज रफ्तार ऑटो, 3 लोगों की मौत

मुंबई। महाराष्ट्र में यात्रियों से भरा एक ऑटो रिक्सा कुएं में जा गिरा। कुएं में गिरने की वजह से 3 लोगों की मौत हो गई है वहीं 2 अन्य ऑटो सवार गंभीर रूप से घायल हैं। बताया जा रहा है कि ऑटो में एक नवविवाहित जोड़ा भी बैठा था जिसकी दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इनके अलावा ऑटो में सवार एक अन्य महिला की भी मौत हुई है वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक पुणे के जेजुरी में देव दर्शन करने के लिए नवविवाहित जोड़ा गया हुआ था। जब वह वहां से लौट रहे थे तो धायरी से जेजुरी आया नवविवाहित जोड़ा ऑटो से वापस जा रहा था। ऑटो में उनके अलावा तीन लोग और सवार थे। कुल मिलाकर ऑटो में 5 लोग सवार थे। जब वह धायरी से लौट रहे थे उसी वक्त रास्ते में तेज स्पीड की वजह से ड्राइवर ऑटो से नियंत्रण खो बैठा। इस दौरान ऑटो रोड से सटे एक कुएं में जा गिरा।



# ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को 55,000 करोड़ का नोटिस

नई दिल्ली। देश में ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग क्षेत्र में काम करने वाली करीब एक दर्जन कंपनियों को डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलीजेंस (डीजीजीआई) ने प्री-शोकॉज नोटिस यानी पूर्व कारण बताओ नोटिस भेजा है। बड़ी बात ये है कि ये पूर्व कारण बताओ नोटिस करीब 55,000 करोड़ रुपये का है। इसमें कहा गया है कि फैंटसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म ड्रीम11 को करीब 25,000 करोड़ रुपये का जीएसटी नोटिस दिया गया है जो शायद देश में दिया गया अब तक का सबसे बड़ा इनडायरेक्ट टैक्स नोटिस हो सकता है। इस मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के मुताबिक ये सूचना मिली है। इंडस्ट्री एग्जीक्यूटिव्स का कहना है कि आने वाले हफ्तों में और कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने की आशंका है। इससे ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग कंपनियों को मिलने वाली जीएसटी डिमांड नोटिस का आंकड़ा बढ़कर 1 लाख करोड़ रुपये तक जा सकता है। अधिकारियों द्वारा डीआरसी-01 ए फॉर्म के जरिए देय टैक्स की सूचना जारी की जाती है और जीएसटी की भाषा में इसे पूर्व-कारण बताओ नोटिस कहा जाता है। यह आयकर विभाग द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी करने से पहले इश्यू किया जाता है। जिन कंपनियों को प्री-शोकॉज नोटिस जारी किया गया है उनमें प्ले गेम्स 24◦7 और उसके सहयोगी और हेड डिजिटल वर्क्स भी शामिल हैं। हालांकि ये जानकारी उन लोगों के माध्यम से मिली है जो अपनी पहचान नहीं सामने लाना चाहते थे। हालांकि ड्रीम11 और हेड डिजिटल वर्क्स ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देने से इंकार कर दिया है। ईटी ने इस बारे में पूछताछ के लिए अन्य कंपनियों को जो ई-मेल भेजा उन्होंने भी अभी तक इस मामले पर कोई जवाब नहीं दिया है।



# उत्तराखण्डी लोकगीतों में झूमा लंदन, धामी के स्वागत में भव्य रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के लंदन पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत करने के साथ ही गढवाली, कुमाऊं व जौनसारी गीतों का एक रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें गढवाली गीतो से लंदन भी झूम उठा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सोमवार को लंदन पहुँचने पर वहां मौजूद प्रवासी भारतीय एवं लंदन में रह रहे उत्तराखंड के निवासियों द्वारा भव्य रंगारंग स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। लंदन में रह रहे उत्तराखण्ड के प्रवासियों द्वारा गढ़वाली, कुमाऊँनी, जौनसारी लोकगीतों पर मनमोहन प्रस्तुति दी गई। स्वागत कार्यक्रम में मौजूद समस्त प्रवासी भारतीय उत्तराखण्ड के पारंपरिक परिधानों में नजर आए।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लंदन में रह रहे समस्त प्रवासी उत्तराखण्ड के लोगों का आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि "यह मेरा सौभाग्य है कि उत्तराखण्ड के मुख्य सेवक के रूप में मुझे इन्वेस्टर समिट की बैठक में शामिल होने के लिए लंदन आने का अवसर प्राप्त हुआ।" उन्होंने कहा लंदन में उत्तराखण्ड के लोगों की इतनी बड़ी भारी संख्या में उपस्थित देखकर यह प्रतीत हो रहा है कि यूके में भी उत्तराखण्ड का छोटा यूके बसता है।

मुख्यमंत्री धामी ने कार्यक्रम में मौजूद प्रवासी उत्तराखण्डियों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड देवभूमि होने के साथ ही योग, आध्यात्मिक की भी भूमि है। इसके साथ ही उत्तराखण्ड देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी है । उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हमारी जड़े उत्तराखण्ड से जुड़ी हुई है। मुख्यमंत्री ने समस्त प्रवासी उत्तराखण्डियों से आह्वान करते हुए कहा कि वह साल में एक बार अपने प्रदेश उत्तराखण्ड जरूर आएँ। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया भर में भारत का मान,सम्मान और स्वाभिमान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आज विदेशों में भी एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को मूर्त रूप दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत विश्व गुरु बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है हाल में ही चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण और चंद्रमा पर सेफ लैंडिंग इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। इस अवसर पर सचिव मुख्यमंत्री डॉ आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव विनय शंकर पांडेय, महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा, स्थानीय आयुक्त अजय मिश्रा समेत समेत बड़ी संख्या में उत्तराखण्ड के निवासी एवं प्रवासी भारतीय मौजूद रहे।

## प्रतिबंधित वन संपदा 'खैर' की लकड़ी की तस्करी करते हुए तीन गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

नैनीताल। प्रतिबन्धित वन सम्पदा खैर की लकड़ी की तस्करी करते हुए पुलिस ने तीन वन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त ट्रैक्टर ट्राली भी बरामद की है। जानकारी के अनुसार कल देर शाम कोतवाली लालकुंआ पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ वन तस्कर प्रतिबन्धित वन सम्पदा की तस्करी हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को एक संदिग्ध ट्रैक्टर ट्राली आती हुई दिखायी दी। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो ट्रैक्टर सवार तीन लोग भागने का प्रयास करने लगे। इस पर उन्हे घेर कर दबोचा गया। ट्रैक्टर की तलाशी के दौरान पुलिस ने उसमें रखी अवैध खैर की लकड़िया (4 डाट) बरामद की। पूछताछ में उन्होने अपना नाम गगन बिष्ट पुत्र हयात बिष्ट निवासी ग्राम तेजपुर नेगी,मोटा हल्दू जिला नैनीताल, सतनाम पुत्र मक्खन सिंह निवासी ग्राम तोता बेरिया किलाखेड़ा जिला उधमसिंहनगर व बलविंदर सिंह पुत्र कृपाल सिंह निवासी ग्राम तोता बेरिया,किलाखेड़ा जिला उधमसिंहनगर बताया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ वन अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। बरामद खैर की लकड़ी प्रतिबन्धित वन सम्पदा है। अतः तराई केन्द्रीय वन विभाग हल्द्वानी के वन क्षेत्रधिकारी व अन्य कर्मचारियों को अग्रिम वैधानिक कार्यवाही हेतु उनके सुपुर्दगी में दिया गया।

# मोबाइल की दुकान में लगी आग, लाखों का सामान स्वाह

हमारे संवाददाता

देहरादून। मोबाइल की दुकान में अचानक आग लगने से क्षेत्र में अफरा तफरी फैल गयी। सूचना मिलने पर पुलिस व फायर सर्विस ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया जिसके बाद क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली। आग से लाखों रूपये के सामान जलने की बात कही जा रही है।

मामला ऋषिकेश क्षेत्रांर्तगत तिलक रोड पर स्थित मोबाइल की दुकान का है। जानकारी के अनुसार कल देर रात लगभग 11 बजे दुकान में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि आग लगने के दौरान दुकान के अंदर दो लोग काम कर रहे थे। उन्होंने भागकर अपनी जान बचाई। वहीं, फायर ब्रिगेड की टीम ने भी काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण शाट सर्किट बताया जा रहा है। अचानक आग लगती देख दोनों कर्मचारी वहां से बाहर भागे। उनके निकलते ही आग ने विकराल रूप ले लिया और दुकान से ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगी। इस दौरान दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और आस-पास की दुकानों को भी आग की चपेट में आने से बचा लिया।

## गंगोत्री धाम में स्नान करते समय भागीरथी नदी में बहा यात्री

हमारे संवाददाता

देहरादून। गंगोत्री धाम में नहाते समय मध्य प्रदेश का एक तीर्थयात्री भागीरथी नदी में बह गया। सूचना पाकर एसडीआरएफ की टीम यात्री की तलाश में जुटी है, लेकिन उसका कुछ सुराग नहीं लग पाया है।

जानकारी के अनुसार यात्री राम शंकर(37) पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी बीना जंक्शन जिला सागर मध्य प्रदेश का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि राम शंकर ने पांच वर्ष पहले संन्यास ले लिया था। स्नान घाट पर मौजूद यात्रियों के अनुसार जब वह नहा रहे थे, तभी नदी की तेज बहाव में वह ओझल हो गए। लोगों ने इसकी सूचना एसडीआरएफ को दी।

**आर.एन.आई.-** 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*